हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4 एंबुलेंस सिस्टम की हाईटेक मॉनिटरिंग, लाइव लोकेशन होगा पुलिस और एसडीएम के पास होगी





## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**कोसीर।** छिंद के प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में सुबह संविधान दिवस मनाया गया। छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती रथ बाई भारद्वाज की उपस्थिति में छात्रों ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तैल चित्र पर कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित किया। वहीं छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई गई। शाम 4 बजे अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण लहरे छात्रावास प्रवास के दौरान पहुंचे हुए थे छात्रावास परिवार ने आगमन पर स्वागत किए। लहरे से संविधान दिवस पर छात्रावास में अधीक्षिका श्रीमती रथ बाई भारद्वाज सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षक एमडी भारद्वाज और फूल कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में बाबा साहब के चित्र में पुष्पमाला अर्पण कर 67वाँ संविधान दिवस पर अंबेडकर को याद किए। छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संदेश दिए कि जीवन में शिक्षा जरूरी है आपकी सोच आपकी उन्नति की राह खोल देते हैं आप अच्छे सोचेंगे अच्छे बनेंगे शिक्षा आपकी हर मार्ग को प्रशस्त करती है। छात्रावास की छात्रों ने संविधान दिवस को यादगार बनाते हुए, छत्तीसगढ़ की कई पारंपरिक खेल जैसे फुगड़ी खेल खेले एकविता पाठ के साथ ही साथ गीत, नृत्य कर अपनी प्रस्तुति दिए। छात्रों ने अपने अंदर छुपी कला का प्रदर्शन किए।

### पुलिस टीम ने 40 बोरी अवैध धान किया जब्त

**रायगढ़।** प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ओडिशा सीमा से होने वाली अवैध धान की आवक पर सतत कार्रवाई कर रही है। बॉर्डर से लगे गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को अवैध तस्करी के प्रयासों पर सतर्क रहने और किसी भी सूचना को तुरंत साझा करने की अपील की गई है। इसी क्रम में स्थानीय प्रशासन और तमनार पुलिस ने उड़ीसा बॉर्डर स्थित ग्राम हमीरपुर और बिजना के आसपास चार स्थानों पर जेसीबी मशीन से गड्ढे खुदवाकर उन रास्तों को बंद कियाए जिनका उपयोग चोरी छिपे धान तस्करी के लिए किया जा सकता था। उधर तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कल धौराभांठा मेन रोड पर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 यूएफ 1071 को रोककर जांच की, जिसमें ओडिशा से अवैध रूप से लाया गया 40 बोरियों धान बरामद किया गया। प्रकरण में वाहन चालक नवीन सिदार 25 वर्ष निवासी ग्राम बिजना के खिलाफ धारा 106 के तहत कार्रवाई करते हुए धान सहित पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया। वहीं वाहन मालिक किरन सिदार 28 वर्ष निवासी बिजना तथा चालक नवीन सिदार पर पृथक से धारा 126 और 135, 3 के तहत इस्तगासा पंजीबद्ध किया गया है। अवैध धान की आवक रोकने तमनार पुलिस की सतत निगरानी जारी है।

### हुज्जतबाजी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली में अवैध शराब के खिलाफ की जा रही रेड के दौरान आबकारी टीम से हुज्जतबाजी और मारपीट करने वाले बोटलाल सिदार और छोटे लाल सिदार को पुसौर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए रिमांड पर भेज दिया है। घटना 11 सितंबर की है, जब आबकारी उपनिरीक्षक याजेन्द्र कुमार मेहर अपने स्टाफ के साथ मुखबिर सूचना पर शराब रेड करने बरपाली पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने तलाशी से इंकार करते हुए कौन शिकायत किया कहकर टीम से बहस कीए जिसके बाद अन्य लोग भी उनके साथ शामिल होकर हो.हल्ला करने लगे और आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह कंवर के साथ धक्का.मुक्की एवं हाथापाई की। मामले में आबकारी उप निरीक्षक याजेन्द्र कुमार मेहर द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराए जाने पर पुसौर थाना में धारा 296, 351,2, 221, 121,1, 132, 127, 3,5 के तहत कार्रवाई की गई।

## नया भवन बनने से छात्रों को होगी सहूलियत

# पॉलिटेक्निक में शुरू हुआ बीटेक कोर्स, नई बिल्डिंग के लिए शासन को भेजा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़ में तीन नए ब्रांचों के साथ इस साल से बीटेक कोर्स शुरू हो गया है, जिसमें 180 सीटों में 68 छात्रों ने एडमिशन भी लिया है। वर्तमान में इन छात्रों के लिए भवन नहीं है, जिससे ये डिप्लोमा वाले छात्रों के साथ ही पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन ने इनकी असुविधा को देखते हुए नई बिल्डिंग के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है, जिस पर जल्द ही मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है। नया भवन बनने से छात्रों को काफी सहुलियत होगी और उनका पढ़ाई में भी मन लगेगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन सन-1956 में बना है। उस समय यहां सिर्फ डिप्लोमा कोर्स ही शुरू हुआ था। योजना के तहत सभी लोकसभा में बीटेक कॉलेज खोलना था। इस साल रायगढ़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में बीटेक कोर्स शुरू हो गया है। जिसमें तीन ब्रांच कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (डेटा साइंस), इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्प्यूनिकेशन (वीएलएसआई) व मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ऑटोमोबाइल) शामिल हैं। इन तीनों ब्राचों में 60-60 कुल 180 सीटें हैं, जिसमें 68 छात्रों ने एडमिशन लिया है। खास बात यह है कि बीटेक के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में भवन ही नहीं है। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन द्वारा नए भवन के लिए शासन को प्रस्ताव बना कर भेजा गया है।

### यह रहेगी सुविधा

कॉलेज प्रबंधन की मानें तो बीटेक और डिप्लोमा के मैटलर्जिकल और इलेक्ट्रानिक्स ब्राचों के लिए नया भवन बनने पर यहां अलग से क्लासरूम, लैब, स्टाफरूम और बाथरूम की सुविधा होगी। वहीं छात्रों को भी अपनी पढ़ाई करने में सहुलियत होगी।

### स्वीकृति मिली तो यहां बनेगा भवन

अगर शासन से नया भवन बनाने की स्वीकृति मिलती है तो डिप्लोमा के मैटलर्जिकल और इलेक्ट्रानिक्स ब्राचों के लिए नया भवन कॉलेज कैंपस के सामने ही खाली जगह पर बनेगा। वहीं बीटेक के लिए कॉलेज के नया भवन कॉलेज कैंपस के पीछे मैदान में बनेगा।

### मैटलर्जिकल और इलेक्ट्रानिक्स के लिए भी बनेंगे भवन

पॉलिटेक्निक कॉलेज में जब डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत हुई तब यहां मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल मिलाकर तीन ब्रांच ही थे। वर्ष 2006 में तीन और नए ब्रांच कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स व मैटलर्जिकल आ गए। हालांकि इनके लिए भी कमरे हैं, लेकिन बाद में कोई दिक्कत न हो जाए यह सोचकर कॉलेज प्रबंधन द्वारा कुछ साल पूर्व ही मैटलर्जिकल व इलेक्ट्रानिक्स ब्रांच के लिए नई बिल्डिंग बनाने शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। वहीं कुछ माह पूर्व फिर से इस प्रस्ताव को भेजा गया है।

### फस्ट ईयर होने पर हो जा रहा मैनेज

वर्तमान में कॉलेज में 6 क्लासरूम हैं। वहीं बीटेक कोर्स का प्रथम वर्ष होने से पढ़ाई मैनेज हो जा रहा है। क्योंकि फस्ट ईयर में सिलेबस सेम होने से बीटेक के छात्रों को डिप्लोमा छात्रों के साथ एक ही क्लास में बैठा कर पढ़ाया जा रहा है, लेकिन जब बीटेक छात्रों का ईयर बढ़ेगा तो उनको परेशानी होगी, इसलिए नए भवन के लिए शासन से मांग की जा रही है।

> पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़ में इसी साल से बीटेक कोर्स शुरू हुआ है। इसके लिए नए भवन की आवश्यकता है। वहीं डिप्लोमा के मैटलर्जिकल और इलेक्ट्रानिक्स ब्रांच के लिए भी भवन बनाना है। ऐसे में इन दोनों का प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा गया है।
>
> **बजरंग पाणिग्राही**
> मीडिया प्रभारी, पॉलिटेक्निक कॉलेज, रायगढ़

### एमएसपी प्लांट में श्रमिक की मौत के बाद आईएचएसडी ने प्रबंधन को भेजा नोटिस

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले दिनों एमएसपी स्टील एंड पावर प्लांट में हुई एक घटना में काम कर रहे श्रमिक की कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस मामले में अब आईएचएसडी (औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग) ने प्लांट प्रबंधन को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। दरअसल घटना के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक अपनी टीम के साथ प्लांट में पहुंचे। इसके बाद घटना स्थल जाकर जांच की और घटना के दौरान वहां मौजूद अन्य मजदूरों व कर्मचारियों से पूछताछ करते हुए उनका बयान दर्ज किया गया। जहां प्रारंभिक जांच में इस घटना के पीछे सुरक्षा के अभाव में मजदूरों से काम करवाना और सुरक्षा मानकों की लापरवाही पाया गया। ऐसे में जांच के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एंव सुरक्षा विभाग ने प्लांट के अधिभोगी प्रदीप कुमार डे और फैक्टरी प्रबंधक संजय सिंह परिहार को कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 24 नवंबर को जामगांव स्थित एमएसपी स्टील एंड पावर प्लांट के किलन नंबर 2 में कार्यरत फिटर लक्ष्मण प्रसाद साहू की फीडिंग लाइन में इंजेक्शन सर्किट में रिपेयरिंग का काम कर रहा था।

## गांव में आ धमका 20 हाथियों का दल धान की फसल को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वनमंडल के कापू रेंज में सुबह लगभग 4 बजे 20 हाथियों का झुंड एक गांव में आ गया। हाथियों ने वहां एक कच्चा मकान तोड़ दिया। घर में रह रहे लोगों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। हाथियों ने खेतों में रखी धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग अभी नुकसान का पता लगा रहा है। जानकारी के अनुसार कापू वन परिक्षेत्र के जंगल में 20 हाथियों का एक झुंड घूम रहा था। शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे यह झुंड जंगल से निकलकर मिरीमुड़ा बीट के फिटिंगपारा गांव में पहुंच गया। खाने की तलाश में हाथियों के झुंड में से 2 हाथियों ने रूचा यादव के घर की कच्ची दीवार तोड़ दी। हाथियों के



आने की खबर मिलते ही रूचा यादव और उनके परिवार के लोग किसी तरह घर से बाहर निकले और अंधेरे में सुरक्षित स्थान की ओर भागकर अपनी जान बचाई। इसके अलावा खम्हार गांव के पूर्व सरपंच चिंतामणि राठिया ने अपने खेत में मिसाई के लिए धान इकट्ठा किया था, जिसे हाथियों ने रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। हाथियों के आने की सूचना वन विभाग को दी गई। इसके बाद वनकर्मी मौके पर पहुंचे और नुकसान का आंकलन करना शुरू कर दिया है।

### दल में इतने हाथी शामिल

धरमजयगढ़ वन मंडल में अभी कुल 31 हाथी हैं। इनमें 17 नर हाथी, 9 मादा हाथी और 5 हाथी शावक शामिल हैं। कुछ हाथी अलग-अलग रेंज में अकेले घूम रहे हैं, जबकि 20 हाथियों का एक झुंड कापू रेंज में मौजूद है।

## तीसरे चरण में 4 रेत खदानों की लगी बोली, 449 आवेदन हुए थे जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को तीसरे चरण में चार रेत खदानों की बोली लगी। इसमें सबसे अधिक सरडामाल रायगढ़ के लिए जहां 185 तो डूमरपाली रायगढ के लिए 184 आवेदन जमा हुए थे। वहीं जोगड़ा के लिए 43 और छिरभौना टेरम के लिए 37 आवेदन जमा हुए थे। ई ऑक्शन में तकनीकी रुप से करीब 20 आवेदन को अपात्र माना गया है। बाकी 429 आवेदनों की लॉटरी निकाली गई। इसमें जिन ठेकेदारों को रेत खदान मिली है वे बाहर के हैं। ऐसे में रेत निकालने में दिक्कत होने की बात कही जा रही है।

अब तक जिले के 14 रेत घाटों का ऑक्शन हो चुका है। एक रेत घाट लेबड़ा की नीलामी कैंसिल की गई है। इसके लिए बाद में तारीख तय की जाएगी। जानकारी के अनुसार अब तक तीन चरणों में जिले के रेत खदानों की नीलामी की गई है। शुक्रवार को तीसरे चरण में चार खदानों की बोली लगी। इसमें रायगढ़ के डूमरपाली, छाल के जोगड़ा, रायगढ़ के सरडामाल और घरघोड़ा के छिरभौना शामिल है। इसमें डूमरपाली का रेत घाट कृष्ण कुमार पटेल को मिला है। इसी तरह के छाल के जोगड़ा आनंद तवारी, रायगढ़ के सरडामाल दीपक त्रिपाठी और घरघोड़ा के छिरभौना शिवानी सौंडिक को मिला है। दोपहर तक आवेदनों की छंटनी में हुई। इसके बाद एक-एक रेत खदानों की लॉटरी निकाली गई।



**खास बात**

- अब तक 14 रेत घाटों का हो चुका है ऑक्शन, एक का हुआ कैंसिल

### कहां कितना हेक्टेयर की नीलामी

तीसरे चरण में शुक्रवार को हुई चार रेत खदानों में डूमरपाली, जोगड़ा, सरडामाल और छिरभौना शामिल है। इसमें डूमरपाली रेत खदान का एरिया जहां 3284.00 हेक्टेयर हैं। वहीं जोगड़ा का 4525.00, सरडामाल 8415.00 और छिरभौना का एरिया 13.00 हेक्टेयर है। अब इन खदानों से अधिकृत बोलीदारों द्वारा रेत निकाली जाएगी।

## बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** एनएचएम कर्मचारियों के बीच अब आक्रोश बढ़ रहा । बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल नहीं करने के साथ-साथ दो माह से उनको वेतन नहीं मिला है और न ही पूर्व में दिए आश्वसन को पूरा किया गया है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उनकी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। एनएचएम कर्मचारियों ने सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि प्रदेश के लगभग 16 हजार एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन से वंचित हैं। वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की शिक्षा, परिवार का खर्चा, किराया समेत कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ रही है। इसके



अलावा पूर्व में आंदोलन समाप्ति के बाद सभी बर्खास्त 25 कर्मचारियों को बहाल करने का आश्वसन दिया गया था, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने और इस बीच तीन कैबिनेट बैठक हो जाने के बावजूद बहाल का आदेश आज तक जारी नहीं हुआ है। साथ ही पूर्व में आंदोलन के समाप्ति के दौरान किए गए वादे को पूरा नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी मांग जल्द पूरी नहीं होती है तो वो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## यातायात नियंत्रण को लेकर विभाग के पास नहीं है कोई प्लान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- दोपहर के समय पीक ऑवर्स में हर रोज लग रहा जाम

शहर के अंदर संकरी सड़कों पर हर रोज लग रही जाम की समस्या से हर कोई परेशान है। शहर के भीतर दोपहर के समय भी सफर करने वालों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ओवर ब्रिज से केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड तक जाने में कई बार 15 से 20 मिनट का समय लग जाता है। शहर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली गद्दी चौक, गौरी शंकर मंदिर रोड, सुभाष चौक पर हर दिन दोपहर एवं शाम के समय जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शाम के वक्त हर रोज महात्मा गांधी चौक से सुभाष चौक तक गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। ज्ञात है कि शहर के मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन इस पर कोई काम नहीं हो पा रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगताना पड़ रहा है, खासकर दोपहर के 2 से 3 बजे और शाम के समय 5 से 7 बजे के बीच स्थिति दयनीय होती है। गाड़ियों की लंबी जाम देखने को मिलती है।

> शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए हर प्रयास किए जा रहे है। शाम के समय दबाव ज्यादा होने की वजह से कई जगह परेशानी आती है, जिसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी बढ़ाई जा रही है। दुकानों के सामने पार्किंग एवं सामान रखने वालों पर भी समय समय पर कार्रवाई की जाती है।
>
> **उत्तम प्रताप सिंह**
> ट्रैफिक डीएसपी।

### सड़क पर गाड़ियां, आधे पर सामान बढ़ाती है परेशानी

शहर के मुख्य सड़कों में सबसे ज्यादा समस्या सड़कों पर गाड़ियों और सामानों के कब्जे की वजह से हो रही है। कई दुकानों के सामने सामानों को फैला कर रखा गया है वही ग्राहक अपनी गाड़ियों को पार्क कर देते हैए जिसकी वजह से सड़के और संकरी हो जाती है और लोगों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।हालांकि की निगम एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा समय समय पर कार्रवाई तो की जाती है, जिसका असर कुछ दिनों तक देखने को मिलता हैए उसके बाद स्थिति फिर से वही हो जाती है।

### मुख्य से रोड से मिलने वाली गलियों में भी समस्या

शहर के मुख्य मार्ग के साथ-साथ इन सड़कों से लगने वाली गलियों में भी समस्या है। लोग मुख्य सड़कों के जाम से बचने के लिए गलियों के रास्ते निकलने लगते है, गलियों के सड़कों की चौड़ाई कम होने की वजह से वहां भी लंबी जाम लग जाती है। इसमें आम लोगों के साथ साथ, उन मोहल्ले में रहने वाले लोगों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा ।

## महतारी वंदन योजनाः रूकेगी 21वीं किस्त में 1 करोड की राशि, च्वाईस सेंटर और शिविर में करा सकते हैं केवाईसी

# ई-केवायसी नहीं हुआ तो 9 हजार से अधिक महिलाओं की रूक सकती है राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप महतारी वंदन के हितग्राही हैं और ई-केवायसी नहीं कराई है तो आपके खाते में राशि जमा होने की गारंटी नहीं है। कारण महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को ई-केवायसी करना जरुरी ही है। इसलिए करीब 9 महिलाओं की एक लिस्ट आई है, उसके हिसाब से उनको ई-केवायसी कराना है। जानकारी तो यह मिली है कि यदि ई-केवायसी नहीं हुआ तो अगले महीने की 21वीं किस्त ही रुक सकती है।

जानकारी मिली है कि जिले में करीब 21 हजार महिलाओं का ई-केवायसी नहीं हुआ है। इसकी सूचि महिला बाल विकास में आई है। इसमें अब केवल 9 हजार महिलाओं का ही ई –केवायसी बाकी है। 12 हजार महिलाओं ने ई-केवायसी करा लिया है। समय रहते यदि ई केवायसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई तो इन महिलाओं को मिलने वाली राशि की अगली किस्त अटक सकती है। प्राप्त आंकडों के आधार पर मंगलवार तक की स्थिति में जिले की 9 हजार 608 महिलाओं अपने खातो का ई केवाईसी नहीं कराया। इसलिए इन खातों में योजना की अगले महीनें वाली 21वीं किस्त की राशि 96 लाख रूपये मिल पाएगी या नहीं इस बात को लेकर अब तक संशय बरकरार है।



### कैंम्प एवं च्वाईस सेंटरों के माध्यम से करा सकते हैं केवाईसी

खातों में योजना का लाभ निरंतर पाने के लिए केवाईसी का होना जरूरी है। इसके लिए जिले के च्वाईस सेंटरों को अधिकृत किया गया है। वहीं विभाग की ओंर से निरंतर कई क्षेत्रों मे कैंम्प भी लगाए जा रहे हैं, जहां से केवाईसी करवाया जा सकता है।

### केवाईसी कराना जरूरी

> पारदर्शिता के लिए केवाईसी का होना जरूरी है। शासन की मंशा है कि योजना की राशि पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, इसलिए सभी को केवाईसी कराना जरूरी है।
>
> **एलआर कच्छप**
> डीपीओ

### ग्रामीण इलाके की महिलाओं के खाते ज्यादा

जिले में महतारी वंदन योजना के तहत ई केवाईसी में ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्र की महिलाएं ज्यादा जागरूक नजर आ रही है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले में ई केवाईसी करने के लिए कुल लक्ष्य 21,187 लाभार्थियों का है । जिसमें से 12 हजार से अधिक खातों का केवाईसी किया जा चुका है। जिन खातों का केवाईसी अब तक नहीं हो सका है उसमें शहरी क्षेत्र की 3036 एवं सर्वाधिक ग्रामीण क्षेत्र की 6578 खाते शामिल है।

### संख्या कम होने की आशंका

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में इस योजना का लाभ उठा रही लाभार्थियों की संख्या में कमी आ सकती है। योजना के तहत कई अपात्र लोगों के नाम काटे गए हैं, इसके तहत पात्र हितग्राहियों का फिर से सत्यापन होगा।वहीं जिले में ऐसे भी कई लोग है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उसके बाद भी उनके खाते में पैसे जा रहे हैं। केवाईसी के बाद स्थिति साफ होगी।

### जिले में योजना की स्थिति

जिले में महतारी वंदन के तहत 2 लाख 87 हजार से अधिक महिलाएं पंजीकृत हैं। इसमें से वर्तमान में कई खाते बंद हो चुके है। जिले में 21,187 खातों के केवाईसी का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से 11 हजार 579 खातों का केवाईसी किया जा चुका है और वर्तमान में 9608 खातों का केवाईसी होना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### पानपोष वेंडिंग ज़ोन के 73 दुकानदारों ने की दुकान आवंटन की मांग

**राउरकेला।** पानपोष बाजार वेंडिंग ज़ोन के 73 छोटे कारोबारियों ने राउरकेला नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने जल्द से जल्द दुकान आवंटन करने की मांग की है। पानपोष मार्केट वेंडिंग ज़ोन समिति के अध्यक्ष माता प्रसाद जायसवाल के नेतृत्व में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे पिछले 25 वर्षों से पानपोष ओल्ड छा़ब मार्केट परिसर में अपनी आजीविका चला रहे थे। बाजार में तोड़-फोड़ के बाद उन्हें अस्थायी रूप से शासकीय कॉलेज के खाली क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया था। विक्रेताओं ने बताया कि उस समय राउरकेला नगर निगम के उप आयुक्त ने उन्हें आश्वासन दिया था कि नए मार्केट भवन में दुकानों का आवंटन होने तथा पुराने दुकानदारों के स्थानांतरण के बाद उन्हें मौजूदा वेंडिंग ज़ोन में समायोजित किया जाएगा। इसी क्रम में 114 दुकानों का आवंटन पहले ही किया जा चुका है और इन दुकानों के खाली होते ही वेंडिंग ज़ोन परिसर भी उपलब्ध होने की संभावना है। विक्रेताओं ने नगर आयुक्त से उनकी आजीविका को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कदम उठाने की मांग की है।

### शून्य सड़क दुर्घटना पखवाड़ा शुरु निकाली गई जागरूकता रैली

**राउरकेला।** शहर में गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से जीरो रोड एक्सिडेंट पखवाड़ा का आगाज़ बड़ी धूमधाम से किया गया। सड़क सुरक्षा को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली और शोभा यात्रा के साथ हुई। राउरकेला आरटीओ अधिकारी ने आरटीओ डीएसपी और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली बसंती कॉलोनी के रिंग रोड स्थित डीएवी चौक से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग, खासकर स्कूली और कॉलेज छात्रों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। सड़क सुरक्षा संदेशों से सजी यह आकर्षक रैली चेंड कॉलोनी, जेल रोड और आईटीआई क्षेत्र होते हुए आगे बढ़ी, जिसने आम नागरिकों का भी ध्यान आकर्षित किया। इस पखवाड़े का मुख्य लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे अभियानों से जनता में सतर्कता बढ़ती है जिसका सीधा प्रभाव दुर्घटनाओं में कमी के रूप में देखा जा सकता है। शून्य मृत्यु पखवाड़ा के तहत आयोजकों ने यह महत्वपूर्ण संदेश दिया कि हर जीवन अनमोल है और इसे सुरक्षित रखना समाज का सामूहिक दायित्व है। लोगों से विशेष अपील की गई कि वे सड़क पर चलते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें और जिम्मेदार नागरिक के रूप में सावधानी बरतें। संदेश में दोहराया गया। सड़क सुरक्षा नियम मानें और सुरक्षित रूप से घर लौटें।

### कोयल नगर मिनी स्टेडियम क्षेत्र में गंदगी का आलम

**राउरकेला।** कोयलनगर शक्तिनगर क्षेत्र में स्थित मिनी स्टेडियमए जो राउरकेला महानगर निगम के अंतर्गत आता है, इन दिनों स्वच्छता को लेकर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। शहर में कई संस्थाएँ सक्रिय रूप से सफाई अभियान चलाकर राउरकेला और आसपास के इलाकों को स्वच्छ बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर स्थानीय स्तर पर जागरूकता की कमी साफ झलकती है। निगम क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण खेल परिसर के आसपास गंदगी बढ़ने से लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि सिर्फ संस्थाएँ या प्रशासन ही स्वच्छता बनाए रखेंए यह पर्याप्त नहीं है। वहाँ रहने वाले लोगों को भी आगे आकर सफाई में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी साफ संदेश दिया है कि स्वच्छता अभियान को नेतागिरी का माध्यम नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए। साफ.सुथरा वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि शहर की पहचान और सौंदर्य को भी संवारता है। इसलिए आम लोगों से अपील है कि वे अपने आसपास की स्वच्छता को प्राथमिकता दें और राउरकेला को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें।

### राणीबांध से पांच हथियारबंद बदमाश गिरफ्तार

**राजगांगपुर।** पुलिस ने देर रात की गश्त के दौरान एक बड़ी वारदात को टालते हुए रानीबांध क्षेत्र में डकैती की साजिश को नाकाम कर दिया। 27/28 नवंबर की रात विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रानीबांध हॉकी ग्राउंड में छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो मेशर्स जालान कमर्शियल पेट्रोल पंप में डकैती की योजना बनाने के लिए घातक हथियारों के साथ एकत्रित हुए थे। छापेमारी के दौरान एक आरोपी ने पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला करने की कोशिश कीए लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से यह हमला टल गया और आरोपी को काबू में कर लिया गया।इनके पास से रिवाल्वर, तलवार, रड चाकू, पांच मोबाइल, पांच मास्क, स्कूटी व 7,640 नकद जब्त की।राज गांगपुर थाना कांड संख्या 628/25, 28 नवंबर धारा 310,4,310,5,109,1 बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत केस दर्ज किया गया है।

## दो साथियों के साथ झारखंड से लाई पुलिस, भेजा जेल

# फर्जी सी बुल्स ग्लोबल कंपनी का डायरेक्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



करोड़ों की ठगी के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने झारखंड से हिरासत में लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामे में पुलिस की कार्रवाई जारी है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्रांतर्गत मदनपुर, इंजिको निवासी 43 वर्षीय जागेश्वर लाल यादव खे ती - बा ड़ी ठेकेदारी का काम करता है, वर्ष 2023 में उसे तथा उसके साथी डॉ पीताम्बर साय निराला, सुकुंद चौहान, राजेंद्र भगत को पत्थलगांव के एक होटल मान्या से उसके एक परिचित ने फोन कर बताया था कि एक कंपनी से कृषि प्रोडक्ट की जानकारी देने के लिए एक व्यक्ति संतोष कुमार साव आया हुआ है। संतोष कुमार साव से उनकी मुलाकात हुई तो उसने प्रार्थी व उसके साथियों को बताया कि वह घरघोड़ा, पत्थलगांव में प्रोडक्ट बेस कंपनी (सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन) में कार्य करता है, कंपनी एक कृषि संबंधी प्रोडक्ट्स का नया प्लांट लगाने वाली है, जिसमें निवेश करने पर अच्छा खासा लाभ मिलेगा व प्रति महीना जमा रकम पर ब्याज मिलता रहेगा। जिस पर प्रार्थी व उसके साथियों तथा क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों ने संतोष कुमार साव के झांसे में आकर कंपनी में निवेश हेतु रकम दी थी। निवेश के कुछ महीने तक रकम, प्रार्थी व उसके साथियों तथा ग्रामीणों को प्रतिमाह ब्याज का रकम मिल रहा था, उसके बाद पैसा आना बंद हो गया। पैसा आना बंद होने पर प्रार्थी व उसके साथियों ने, संतोष कुमार साव से संपर्क किया व पैसा न आने का कारण पूछने पर, आरोपी संतोष कुमार साव के द्वारा उन्हें उक्त सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन नामक कंपनी के एम. डी. मोहम्मद सिराज आलम से मिलवाया। उसने प्रार्थियों को झांसे में लेकर जांजगीर चांपा के रहने वाले हरिशरण देवांगन व संतोष कुमार साहू से मिलवाया। उन्होंने कोरबा, चांपा, अंबिकापुर, घरघोड़ा, बिलासपुर में मीटिंग का आयोजन कर, उनसे करोड़ों रुपए का कंपनी में निवेश कराया। निवेश की रकम पर गारंटी के तौर पर फेडरल बैंक व इंडसइंड बैंक का चेक दिया गया था। इस प्रकार प्रार्थी जागेश्वर लाल यादव के द्वारा ऑन लाइन व नकद मिलाकर 1करोड़ 80 लाख रु, उसके साथी लक्ष्मण केशवानी के द्वारा 95 लाख रुपए, कमलेश यादव के द्वारा 10 लाख, भूषण पटेल के द्वारा 33 लाख रुपए, डॉ पीताम्बर साय निराला के द्वारा 25 लाख रु, राजेश देवांगन के द्वारा 15 लाख रुपए, इस प्रकार अन्य लोगों से भी रुपए लेकर कुल कुल 6 करोड़ रुपए की ठगी की गई। निवेशकों के द्वारा अपनी रकम वापस मांगने पर वर्ष 2024 में ठगों के द्वारा हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड बनने के नाम पर, ओडिशा के सुंदरगढ़ में मीटिंग आयोजित कर, निवेशकों के आधार कार्ड, पेन कार्ड जैसे दस्तावेज लेकर व निवेशकों के हस्ताक्षर लेकर, निवेशकों के नाम पर, सी बुल्स सहयोग निधि, रियल स्टेट व फाइनेंस लिमिटेड के नाम से रजिस्ट्रेशन करा दिया गया और निवेशकों को उसका मेंबर व डायरेक्टर बना दिया गया। कंपनी के द्वारा अपने वेब साइट को बंद कर दिया गया है, व सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी के डायरेक्टर व उसके सदस्यों से संपर्क करने पर उनके द्वारा, कंपनी में लॉस का बहाना बना कर, रकम वापसी हेतु टाल मटोल किया जा रहा है। व अपने फोन को भी बंद कर दिया गया है।

■ करोड़ों रुपए की ठगी कर भागे थे ठग

### दो आरोपी को पहले भेजा गया जेल

चूंकि मामला आम ग्रामीणों से करोड़ों रुपए की ठगी से संबंधित था अतः, मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर तत्काल थाना पत्थलगांव में आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,120(बी) व 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व में ही मामले से जुड़े दो आरोपी हरिशरण देवांगन व संतोष कुमार साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी का तथा कथित एम डी, मोहम्मद सिराज आलम व उसका पार्टनर इमरान खान तथा सहयोगी संतोष साव घटना दिनांक से फरार थे।

### बोकारो व रांची से पकड़े गए आरोपी

मुखबिर की मदद से पता चला कि उक्त सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन कंपनी का एम डी मोहम्मद सिराज आलम , बोकारो झारखंड में है, तथा उसके पार्टनर व सहयोगी इमरान खान व संतोष कुमार साव रांची में हैं, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर, फरार आरोपियों की धर पकड़ हेतु, रांची, बोकारो झारखंड रवाना की गई, जहां जशपुर पुलिस की टेक्निकल टीम के सहयोग से, बोकारो से मोहम्मद सिराज को व रांची से इमरान खान तथा संतोष कुमार साव को हिरासत में लेकर वापस लाया गया है। पुलिस के द्वारा उनके कब्जे से मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता व लैपटॉप को बरामद कर जप्त किया गया है। पुलिस के द्वारा उनके बैंक डिटेल व लैपटॉप की डाटा की जांच की जा रही है।

### रिमांड पर भेजा गया

थाना पत्थलगांव में दर्ज करोड़ों की ठगी के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने झारखंड से हिरासत में लेकर लाया है, जिन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई जारी है।

**-शशि मोहन सिंह,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जशपुर

# छात्राओं से अश्लील हरकत करने वाला शराबी प्रधान पाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा


जिले में शिक्षा का मंदिर फिर शर्मसार, दो शिक्षिकाओं के साथ भी दुर्व्यवहार
छात्राओं ने प्रधान पाठक पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

28 नवंबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

खबर का असर

जिले के पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सुरंगपानी में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न, अश्लील बातें और शराब के नशे में दुर्व्यवहार करने वाले प्रधान पाठक गणेश राम चौहान के खिलाफ खबर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया है। मीडिया में खबर आते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हालांकि, इस निलंबन की कार्रवाई से पालक और ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि यह मामला केवल विभागीय नहीं, बल्कि गंभीर आपराधिक प्रवृत्ति का है, इसलिए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाना चाहिए।

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा), सरगुजा संभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रधान पाठक गणेश राम चौहान द्वारा शराब का सेवन कर विद्यालय में उपस्थित होना, छात्राओं से अश्लीलतापूर्ण तरीके से बात कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करना और कर्मचारियों से गाली-गलौज करना प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। विभाग ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, फरसाबहार नियत किया है। विभाग द्वारा निलंबन आदेश जारी करने के बावजूद पालकों ने नाराजगी व्यक्त करते हुये इस कार्रवाई को नाकाफी बताया। पालकों का कहना है कि प्रशासन निलंबन की कार्रवाई कर केवल औपचारिकता निभा रहा है।

पालकों का तर्क है कि, ₹दो दर्जन से अधिक नाबालिग आदिवासी छात्राओं के साथ यौन शोषण का प्रयास और मानसिक प्रताड़ना कोई साधारण विभागीय गलती नहीं है, बल्कि यह 'पॉक्सो एक्ट' और 'एट्रोसिटी एक्ट' के तहत एक गंभीर अपराध है।₹ ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग को केवल निलंबन तक सीमित न रहकर पुलिस में एफआईआर दर्ज करानी चाहिए थी।

**खास बातें**

■ डीईओ के प्रतिवेदन पर संयुक्त संचालक सरगुजा ने की कार्रवाई

# संविधान दिवस पर लगा जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार साहू के उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में न्यायाधीशों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की आत्मा अर्थात संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों, नैतिक मूल्यों, समानता, न्याय, स्वतंत्रता, बंधुत्व एवं अवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा सभी को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा। उक्त कार्यक्रम में शैलेश अच्युत पटवर्धन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर, सरोजनी जनार्दन खरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के अतिरिक्त न्यायाधीश जशपुर, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, क्रांति कुमार सिंह, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जशपुर, कु श्वेता बघेल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, कु चौताली खांडेकर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति न्यायाधीश जशपुर, कु पूनम नाशिने प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अति. न्यायाधीश जशपुर, नेहा तिर्की, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अति.न्यायाधीश जशपुर एवं जिला न्यायालय जशपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गम्हरिया जिला पंचायत तथा बालक गृह जशपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, कु.चौताली खांडेकर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अति न्यायाधीश जशपुर, कु. पूनम नाशिने प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अति. न्यायाधीश जशपुर, नेहा तिर्की, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के तृतीय अति. न्यायाधीश जशपुर तथा अधिकार मित्र निरंतर कुजूर उपस्थित रहें।



# चार जैन आर्यिका उपसंघों का भव्य मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आस्था और तप की अनूठी मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार शाम जशपुर ने दुर्लभ धार्मिक दृश्य का साक्षी बना, जब चातुर्मास सम्पन्न होने के बाद जैन आर्यिका अन्तर्मती माताजी ससंघ (रायपुर) तथा अनर्घ्यमती माताजी ससंघ (बिलासपुर) ने पद-विहार करते हुए जशपुर में एक साथ भव्य प्रवेश किया। नगर में 11 पिच्छियों का प्रवेश हुआ, जो साध्वी संघों की गरिमा और जशपुर जैन समाज की श्रद्धा को दर्शाता है। पहले से ही आर्यिका अनुपममती और अपूर्वमती माताजी जशपुर जैन मंदिर में विराजमान थीं। आज दोनों नए संघों के आगमन के साथ चारों आर्यिकाओं का मिलन महाराजा चौक में हुआ, जो जैन समाज के लिए किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं रहा। नगर के जैन मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ी रही।

### सम्मेदशिखर की ओर बढ़ता तप का कारवां

दोनों साध्वी संघों का यह विहार शाश्वत तीर्थ क्षेत्र सम्मेदशिखर की ओर निरंतर अग्रसर है। जैन धर्म में सम्मेदशिखर को तीर्थों का राजा कहा जाता है, जहां 20 तीर्थंकरों ने निर्वाण पाया। इस पावन मार्ग पर माता जी संघ का पद-विहार हो रहा है, जिसे साक्षात देखने को जशपुरवासियों ने स्वयं को सौभाग्यशाली माना।नगर के लोगों ने स्वागत और विनम्रता से दोनों संघों का अभिनंदन किया। साध्वी संघों के आगमन से जशपुर का धार्मिक वातावरण विशेष रूप से आलोकित हो उठा है।

### आहारचर्या बना प्रेरणा का केन्द्र

अन्तर्मती माताजी ससंघ की शुक्रवार की आहार चर्या भंवरी देवी राइस मिल, बालाछापर में संपन्न हुई। बड़े स्तर पर ग्रामीणों और शहरवासियों ने पहुँचकर माताजी की तपस्या का लाभ लिया। इसी दौरान माताजी के उपदेशों और ससंघ की शांतिमय उपस्थिति से प्रभावित होकर 15 ग्रामीण स्त्री-पुरुषों ने आजीवन शाकाहार अपनाने का संकल्प लिया।जैन परंपरा में आहार चर्या केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम और अहिंसा का जीवंत संदेश मानी जाती है। आज हुए संकल्प ने इस बात पर मुहर लगा दी कि जशपुर क्षेत्र में अहिंसा और शाकाहार की ओर लोगों का झुकाव लगातार बढ़ रहा है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिली गति




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने विगत दिवस ग्राम नारायणपुर में आयोजित किसान महतारी सम्मेलन के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत तैयार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम स्थल से रवाना किए गए इस रथ के माध्यम से 100 दिनों तक जिले में जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के मार्ग में गंभीर बाधा है। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर समाज को प्रेरित करेगा और बाल विवाह उन्मूलन के लिए आवश्यक जनभागीदारी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अभियान की सफलता के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। यह अभियान जिला प्रशासन के साथ समर्पित संस्था के जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में चलाया जा रहा है। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी, नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, वरिष्ठ नागरिक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, जनप्रतिनिधियों सहित, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा एवं समर्पित संस्था के डॉ संदीप शर्मा, अंजलि ताम्रकार, मनीष छाबड़ा, बबीता ताम्रकार, रानी नायक मौजूद रहे।

# लुडेग बाजार से चोरी हुई बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव पुलिस ने तेज़ी दिखाते हुए चोरी की बाइक के साथ एक चोर को रंगेहाथ दबोच लिया। लुडेग साप्ताहिक बाजार से गायब हुई होंडा साइन सीजी 13 बीडी 0787 की गुत्थी पुलिस ने 17 दिन बाद सुलझा ली है। आरोपी मंटू कुमार नट उम्र 31 वर्ष बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था, तभी पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। प्रार्थी सिलबियुस केरकेट्टा ने 16 नवंबर को थाने में रिपोर्ट की थी कि वह साप्ताहिक बाजार गया था। रोड किनारे खड़ी उसकी बाइक आधे घंटे में गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला।थाना पत्थलगांव में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। अतलाश के दौरान पुलिस को पता चला कि दीवानपुर नटपारा का मंटू नट चोरी की होंडा साइन बेचने की कोशिश कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई और इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी। कुछ ही देर में आरोपी पत्थलगांव क्षेत्र में चोरी की बाइक पर घूमता मिला। पुलिस ने मौके पर ही उसे हिरासत में लिया।

## तकनीकी प्रशिक्षण से किसानों की आय में होगी वृद्धि

# रबी फसल उत्पादन तकनीक एवं जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, रांची पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी तथा कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वी क्षेत्र में धान–परती प्रणाली के अंतर्गत एक दिवसीय रबी फसल उत्पादन तकनीक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 27 नवम्बर को जशपुर जिले के ग्राम दुर्गापारा, बिमडा (बगीचा) में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम बिमडा में किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनजातीय उप-योजना एवं अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण से किसानों में जागरूकता बढ़ेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और आजीविका में सुधार आएगा। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद रांची केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति उप-योजना के प्रभारी डॉ.बाल कृष्ण झा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अधिकांश किसान केवल धान की एकल फसल लेते हैं, जिससे खेती की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पाता।

### रबी फसलों के जल प्रबंधन पर विशेष जानकारी

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुनकुरी के डीन डॉ.अमित कुमार सिन्हा ने किसानों को रबी फसलों के उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया कि धान कटाई से पूर्व उतेरा विधि से दलहन व तिलहन के बीजों का छिड़काव,खेतों की शेष नमी का प्रभावी उपयोग,कम सिंचाई में अधिक उत्पादन,से किसान बेहतर उपज प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.राकेश भगत ने किसान भाइयों से अपील की कि वे धान के बाद दलहन एवं तिलहन की बुवाई अवश्य करें।उन्होंने कहा कि फसल तीव्रता बढ़ाना ही आय बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

### बीज व कृषि सामग्री का वितरण

इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम बिमडा व दुर्गापाड़ा के लगभग 40 अनुसूचित जनजातीय किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सरसों की उन्नत किस्म का बीज, खरपतवार प्रबंधन हेतु दवाएं, किसानों को वितरित की गईं।ट्रेंड ऑर्गेनाइजेशन के विनय कुमार बघेल ने किसानों को दलहन व तिलहन की उपज बढ़ाने से संबंधित व्यावहारिक जानकारियां प्रदान कीं।कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. प्रदीप कुजूर एवं शिव कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन धान–परती प्रणाली के अंतर्गत परियोजना के अनुसंधान सहायक मनीष कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

# पीएम जनमन आवास के हितग्राहियों के लिए लगाई गई प्रगति चौपाल



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत करादरी के पहाड़ी कोरवा बस्ती कदोपानी में पीएम जनमन आवास के हितग्राहियो का प्रगति चौपाल लगाया गया। चौपाल में 26 जनमन हितग्राहियों का हितग्राही वार प्रगति एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं हेतु जानकारी लिया गया और समय सीमा स्वीकृत समस्त आवासों को पूर्ण करने लिए निर्देशित किया गया। उक्त प्रगति सभा में जिले एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, वार्ड पंच, समाज प्रमुख,स्थानीय मैटेरियल सप्लायर, रोजगार सहायक, आवास मित्र उपस्थित रहे।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 'रात अकेली है 2' का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हिट क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'रात अकेली है' अपने सीक्वल के साथ लोगों का मनोरंजन करने के लिए लौट रही है। इस बार अभिनेता को बंसल हत्याकांड मामला सुलझाते हुए देखा जाएगा। इस वजह से फिल्म का नाम 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स' रखा गया है। निर्माताओं ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए सीक्वल किस्त का टीजर जारी कर दिया है। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर गोवा में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किया जाएगा। निर्माताओं ने 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स' का टीजर जारी करते हुए लिखा, 'इंस्पेक्टर जटिल का रात के अंधेरे से पुराना रिश्ता है।

लाइफ Style

# कृति



## पहले भी इन फिल्मों से जीत चुकी हैं जनता का दिल

अभिनेत्री कृति सैनन बॉलीवुड की उन बेहतरीन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने कई सुपरस्टार के साथ स्क्रीन साझा की है। फिलहाल वह अपनी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लोगों का ध्यान खींच रही हैं जिसमें उनके साथ सुपरस्टार धनुष हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में कृति ऐसी रोमांटिक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो उनके जुनून और आक्रामक प्यार को दर्शाता है। हालांकि, पहले भी उन्होंने फिल्मी पर्दे पर अपनी रोमांटिक फिल्मों के जरिए दर्शकों का फुल मनोरंजन किया है। अभिनेता शाहिद कपूर के साथ कृति की रोमांटिक फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' पिछले साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृति को पहली बार एक महिला रोबोट का किरदार निभाते हुए देखा गया था, जो इंसानी ख्वाहिशों को जानने और समझने में माहिर थी। फिल्म में शाहिद और कृति की जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। इसके गाने भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब हुए थे। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ कृति की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'लुका छिपी' 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी लिविंग रिलेशनशिप पर आधारित है। इसके जरिए निर्माताओं ने इस संवेदनशील सामाजिक मुद्दे को उठाने की कोशिश की थी। कृति और कार्तिक की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी, विनय पाठक और अल्का अमीन जैसे कलाकार भी शामिल थे।

## हॉलीवुड मसाला



# ओटीटी पर धूम मच गई...

**लॉस एंजिल्स।** चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' आखिरकार अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर आ चुकी है। 3 साल के लंबे इंतजार के बाद जैसे ही सीरीज ने भारत में दस्तक दी तो ओटीटी पर धूम मच गई। निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के पहले 4 एपिसोड प्रसारित किए हैं, जिन्हें देखने के बाद जनता ने सोशल मीडिया के जरिए अपना फैसला सुना दिया है। आइए जानते हैं कि लोगों को 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' कैसी लग रही है।



# शेयर की प्यारी सेल्फी; फैंस ने लुटाया 'वाराणसी' एक्ट्रेस पर प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ समय से हैदराबाद में एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही थीं। अब वह अपने लॉस एंजिल्स वाले घर लौट गई हैं, जहां वह अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ रहती हैं। प्रियंका अपने लॉस एंजिल्स वाले घर वापस लौट चुकी हैं। घर से उन्होंने अपनी एक प्यारी सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह अपने घर की छत पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस सेल्फी में प्रियंका कैजुअल कपड़ों में हैं और हाथ से 'V' (विक्ट्री) का निशान बनाती नजर आ रही हैं। इस सेल्फी के साथ प्रियंका ने लिखा – 'घर'। इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया। प्रियंका की यह सेल्फी उनके फैंस को बेहद प्यारी लग रही हैं। हाल ही में प्रियंका एक डॉक्यूमेंट्री '**Born Hungry**' की निर्मात्री बनी हैं। इसमें एक बच्चे सैश की कहानी है, जिसे बचपन में बहुत तकलीफे झेलनी पड़ीं।



# 'नागिन-7' का प्रोमो व रिलीज तारीख जारी

**मुंबई।** 'टीवी की क्वीन' कही जाने वालीं एकता कपूर अपने सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' को लेकर काफी समय से चर्चा में थीं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी नई नागिन का खुलासा किया था। अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन 7' में मुख्य किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने शो का नया प्रोमो जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। प्रोमो देखने के बाद लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। 'नागिन 7' के प्रोमो ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिलचस्प बात ये है कि प्रियंका के साथ, आगामी सीजन में ईशा सिंह और करण कुंद्रा भी अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोमो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा, 'मैं प्रियंका के नागिन के किरदार को लेकर उत्साहित हूं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'बहुत-बधाई हो प्रियंका चौधरी।'



# सलमान की 'बैटल ऑफ...' का बड़ा सौदा...

**मुंबई।** सलमान खान की पिछली रिलीज फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल न दिखा सकी। यही वजह है कि लोग उनकी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। आमिर खान की फिल्म 'लगान' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले अपूर्व लाखिया, सलमान के साथ इस फिल्म को पर्दे पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच पता चला है कि 'बैटल ऑफ गलवान' ने रिलीज से पहले बड़ा सौदा कर लिया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, जियो स्टूडियोज ने 'बैटल ऑफ गलवान' को 325 करोड़ रुपये की भारी कीमत के साथ खरीद लिया है। फिल्म का संगीत अधिकार, सैटेलाइट अधिकार, डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार और नाटकीय वितरण अधिकार अब जियो स्टूडियोज के पास होगा।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19: बचे हुए कंटेस्टेंट्स में सबसे अमीर कौन...?

**मुंबई।** बिग बॉस 19 में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल का नाम खूब चर्चा में है। उनके इंस्टाग्राम पर 3.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। तान्या की आय का सबसे बड़ा स्रोत ब्रांड एंडोर्समेंट है।

रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी अनुमानित संपत्ति 12 से 15 करोड़ रुपये के बीच है। इस वजह से वह शो में मौजूद कई अन्य प्रतिभागियों से अधिक संपत्ति रखती हैं। पिछले रविवार को कुनिका सदानंद शो से बाहर हो गईं। इसके बाद खबरें हैं कि मालती चाहर भी जल्द ही बाहर हो सकती हैं। ऐसे में शो में अब जो टॉप 7 कंटेस्टेंट्स बचे हैं, उनमें तान्या मित्तल के साथ गौरव खन्ना, अमाल मलिक, प्रणित मोरे, अशनूर कौर, फरहाना भट्ट और शहबाज बदेशा शामिल हैं।

### तान्या से अमीर कौन?

इन सात प्रतिभागियों में से केवल गौरव खन्ना और अमाल मलिक ही तान्या से अधिक संपत्ति रखते हैं। बाकी चार कंटेस्टेंट्स की तुलना में तान्या की नेटवर्थ अधिक है। शो में बचे हुए प्रतिभागियों में सबसे अमीर शख्स हैं सिंगर और कंपोजर अमाल मलिक। उनकी अनुमानित संपत्ति 25 से 30 करोड़ रुपये है। अमाल की कमाई का स्रोत संगीत, सिंगल्स, सोशल मीडिया और स्टेज शो हैं। उनकी लोकप्रियता और काम का दायरा उन्हें शो का सबसे अमीर प्रतिभागी बनाता है।

### गौरव खन्ना की संपत्ति

टीवी शो 'अनुपमा' से मशहूर हुए अभिनेता गौरव खन्ना भी शो के अमीर कंटेस्टेंट्स में शामिल हैं। वे मुख्य रूप से टीवी सीरियल्स, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया से कमाते हैं। उनकी नेटवर्थ लगभग 15 से 18 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### शहबाज बदेशा और अशनूर कौर की कमाई

पंजाबी सिंगर शहबाज बदेशा की संपत्ति करीब 7 से 10 करोड़ रुपये है। वे पंजाबी म्यूजिक प्रोजेक्ट्स और सोशल मीडिया कोलैबोरेशन से अपनी आय अर्जित करते हैं। वहीं, टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री अशनूर कौर, जिन्होंने 'पटियाला बेब्स' जैसे सीरियल में काम किया है, की संपत्ति लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये है। उनकी कमाई का स्रोत टीवी शो, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

### प्रणित मोरे और फरहाना भट्ट की नेटवर्थ

स्टैंड-अप कॉमेडियन और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर प्रणित मोरे की संपत्ति लगभग 4 से 8 करोड़ रुपये है। वे मुख्य रूप से **YouTube** और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कमाते हैं। मौजूदा कंटेस्टेंट्स में सबसे कम संपत्ति फरहाना भट्ट के पास है। उनकी अनुमानित नेटवर्थ 1.5 से 3 करोड़ रुपये है। फरहाना की कमाई का स्रोत एक्टिंग, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

# 'तू मेरी मैं तेरा...' के टाइटल ट्रैक पर नचाने आ रहे



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन पिछले कुछ साल में युवा पीढ़ी के पसंदीदा अभिनेताओं में से एक बन चुके हैं। 'भूल भुलैया' जैसी कॉमेडी-हॉरर फ्रेंचाइजी ने उनकी लोकप्रियता में खूब इजाफा किया। अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के जरिए लोगों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। इसमें उनका साथ अभिनेत्री अनन्या पांडे देंगी। हाल ही में निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था और अब फिल्म के टाइटल ट्रैक पर अपडेट दिया है।

***फिल्म के पहले गाने पर आ गया अपडेट :*** कार्तिक ने आगामी फिल्म के टाइटल ट्रैक, जिसका नाम भी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' ही है, से जुड़ी जानकारी साझा कर दी है। उन्होंने गाने की एक झलक दिखाते हुए लिखा, 'हुकस्टेप सीखना करना शुरू कर दो दोस्तों, आ रहा है! कल रिलीज!' गाना तो 28 नवंबर को रिलीज होगा, लेकिन इसके टीजर ने अभी से लोगों को उत्साहित कर दिया है। कार्तिक और अनन्या की यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

# बॉक्स ऑफिस पर बेदम निकली 'मस्ती 4', इन चर्चित कॉमेडी फिल्मों के सीक्वल भी हुए फेल

**मुंबई।** बीते 21 नबंर को फिल्म 'मस्ती 4' सिनेमाघरों में आई थी। इस एडल्ट कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन इसने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी निराश कर दिया। रितेश देशमुख, आफताब और विवेक ओबेरॉय की तिकड़ी को तारीफों के बजाय लोगों से खरी-खोटी सुनने को मिली। 50 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म महज 12 करोड़ रुपये कमा पाई है।

आइए उन शानदार कॉमेडी फिल्मों के बारे में जानें, जिनके सीक्वल नहीं चले।



### 'सन ऑफ सरदार 2'

अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी, लेकिन रिलीज के बाद फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। हीरो का स्टारडम भी इसे फ्लॉप होने से नहीं बचा पाया। 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म बस 60 करोड़ रुपये जुटा पाई, जबकि 'सन ऑफ सरदार' ने 30 करोड़ रुपये के बजट में 161 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'वेलकम बैक'

'वेलकम बैक' 2007 में आई हिट कॉमेडी 'वेलकम' का सीक्वल थी। 8 साल बाद आए फिल्म के सीक्वल से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उनकी कसौटी पर खरी नहीं उतरी। 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 96 करोड़ रुपये कमाए थे। जहां बॉक्स ऑफिस पर इसने औसत प्रदर्शन किया, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म को नकार दिया था। उधर 'वेलकम' ने 32 करोड़ रुपये की लागत में 117 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'डबल धमाल'

*साल 2011 में रिलीज हुई 'डबल धमाल' कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' का सीक्वल थी। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 44 करोड़ रुपये तो कमाए, पर दर्शकों को ये फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई। उधर संजय दत्त, रितेश देशमुख और अरशद वारसी की धमाल का बजट 17 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म को न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों ने भी जमकर सराहा था।*

### 'हंगामा 2' और 'बंटी और बबली 2'


*जब 'हंगामा' के बाद इसका सीक्वल 'हंगामा 2' आया तो लोगों ने कहा कि ये क्या बना डाला। फिल्म से शिल्पा शेट्टी की बड़े पर्दे पर वापसी हुई थी, लेकिन दर्शकों ने उन्हें भी नकार दिया। फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। उधर अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की क्राइम कॉमेडी फिल्म 'बंटी और बबली' के सीक्वल 'बंटी और बबली 2' को 45 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया और ये महज 22 करोड़ रुपये कमा पाई।*

## इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते आएंगे नजर

# दिसंबर में रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, पहली वाली पर चर्चा सबसे तेज

**मुंबई।** इस साल 'छावा' से लेकर 'सैयारा' तक गई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया, पर 2025 खत्म होने में अभी वक्त है। आने वाले दिनों में यूं तो कई फिल्में आ रही हैं, लेकिन कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिन पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कितने नोट छापेंगी, ये तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इन्हें लेकर दर्शकों की उत्सकुता चरम पर है।

### 'धुरंधर'



ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी के निर्देशक आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' से सभी को बड़ी उम्मीदें हैं। बजट के लिहाज से ये इस फिल्म के हीरो रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इसका बजट 250 करोड़ रुपये है। 'धुरंधर' में रणवीर एक स्पाई एजेंट बने हैं। सारा अर्जुन, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी इस फिल्म में अहम भूमिका में हैं। 5 दिसंबर को ये फिल्म रिलीज होने वाली है।

### 'किस किस को प्यार करूं 2'

कपिल शर्मा अपनी फिल्म 'किस किस को करूं' के सीक्वल के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। उन्होंने फिल्म को मोशन पोस्टर रिलीज कर बताया था कि इस बार दोगुनी मस्ती और चौगुनी हंसी के लिए तैयार रहें। फिल्म में इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। साथ ही कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए मनजोत सिद्धू भी अहम किरदार में दिखेंगे। ये फिल्म 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में आ रही है।

### 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' और 'अवतार: फायर एंड एश'



महिमा चौधरी और संजय मिश्रा की कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

उधर ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फ्रैंचाइजी 'अवतार' की अगली किस्त 'अवतार: फायर एंड एश' भी इसी दिन सिनेमाघरों में आएगी। जेम्स कैमरून की 'अवतार' फ्रैंचाइजी दुनियाभर में जितनी पसंद की जाती है, उतनी ही दीवानगी इसकी भारत में भी देखने को मिलती है। अब एक बार फिर फैंस शानदार विजुअल्स, नई कहानी और पैंडोरा की दुनिया में वापस जाने को तैयार हैं।

### 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' और 'इक्कीस'



कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। 'सत्यप्रेम की कथा' बना चुके समीर विद्वांस की ये फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। उधर 25 दिसंबर को ही अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' दर्शकों के बीच आ रही है, जो दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी।

## खबर संक्षेप



### टेंगाकोट में महालक्ष्मी पुराण कथा का आयोजन

**कटेली।** सारंगढ़ जनपद के ग्राम ठेगाकोट में महालक्ष्मी पुराण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सासंद प्रतिनिधि अरुण गुड्डु यादव, जनपद सदस्य प्रतिमा बरिहा, पटवारी केके साहू, ग्राम पंचायत गंजाभौना की सरपंच छतबाई बरिहा, उप सरपंच अजय साहू, गोविंद बरेठा और मुरारी चन्द्रा ने महालक्ष्मी पुराण का श्रवण किया। इस अवसर पर माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना कर ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के लिए सुख.समृद्धि की कामना की गई। आयोजन में उपस्थित सभी लोगों ने महालक्ष्मी का आशीर्वाद मांगा।

### बिरसा बालिका हाई स्कूल बना वॉलीबॉल चैंपियन



**सुंदरगढ़।** जिले के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग द्वारा 24 से 26 नवंबर तक जिला स्तरीय बाल महोत्सव सर्गिफ़ुल 2025 का आयोजन बड़गांव स्थित देवकरण हाई स्कूल परिसर में किया गया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वॉलीबॉल मैचों में जिले के लगभग 20 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और बेहतरीन खेल प्रदर्शन किया। फाइनल मैच बिरसा बालिका उच्च विद्यालय, विजाडिही और तुलालगा उच्च विद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें विजाडिही की टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की छात्रा ललिता तिर्की को मैन ऑफ द सीरीज़श सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### 2 को वर्चुअल डाक अदालत

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग अपने ग्राहकों को बेहतर और सुगम सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके बावजूद कई बार विभिन्न कारणों से डाक सेवाओं में कुछ कमियाँ सामने आती हैंए जिनके समाधान हेतु विभाग समय.समय पर डाक अदालत का आयोजन करता है। इसी क्रम में रायगढ़ संभाग द्वारा 2 दिसम्बर को वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम अधीक्षक डाकघर कार्यालय में होगा। जिसमें विभागीय अधिकारी उपभोक्ताओं से काउंटर सेवाएं बचत बैंक, मनी ऑर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करेंगे तथा उनका त्वरित निपटान करेंगे। डाक सेवा से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराने उपभोक्ता अपनी समस्या का पूर्ण विवरण सहित 02 दिसम्बर या उससे पूर्व भेज सकते हैं।

### बैक स्पॉटों पर लगेगी चेतावनी संकेतक, स्ट्रीट लाइट, स्पीड ब्रेकर

# एंबुलेंस सिस्टम की हाईटेक मॉनिटरिंग, लाइव लोकेशन होगा पुलिस और एसडीएम के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शुक्रवार को कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस अवसर पर एसपी दिव्यांग पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, ब्लैक स्पॉटों के सुधार, एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता और यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने से जुड़े कई बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और अन्य मार्गों पर चिन्हांकित सभी ब्लैक स्पॉटों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी ब्लैक स्पॉटों पर चेतावनी संकेतक, स्ट्रीट लाइट, स्पीड ब्रेकर तथा आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चौराहा सड़कों और वाई.एंगल मार्गों का भी चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्कूलों महाविद्यालयों और विभिन्न स्थलों पर सड़क सुरक्षा गतिविधियाँ आयोजित की जाएं। अधिक से अधिक नागरिकों तक यातायात नियमों का संदेश पहुँचाया जाए। कलेक्टर ने जिले में संचालित 34 एंबुलेंस की संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी एंबुलेंस का जीपीएस ट्रैकिंग सक्रिय रहे, लाइव लोकेशनए वाहन चालक व स्टाफ का विवरण पुलिस कंट्रोल रूम और सभी एसडीएम के साथ नियमित रूप से साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे आपात स्थिति में लोगों तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में काफी सुविधा होगी। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने थानावार सड़क दुर्घटना विवरणए मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन मामलों, परिवहन चेकपोस्ट एवं उड़नदस्ता द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण और आगामी नियंत्रण कार्ययोजना विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ब्लैक स्पॉटों पर सुधारात्मक कार्य किए जाने के बाद दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। जिले में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा को और बेहतर बनाने पर भी विशेष चर्चा हुई।

## एनटीपीसी सीआईएसएफ ने चलाया जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्राम महलोई में सीआईएसएफ द्वारा गांव वालों के साथ मिलकर स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। साथ में सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के बारे में भी जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव में सफाई के साथ-साथ गांव के विकास में अपनी जिम्मेदारी को समझना एवं गांव के विकास में सहयोग करना है। लोगों को जागरूक करना है और सभी नागरिकों को यह समझाना है कि सरकारी संपत्ति की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सीआईएसएफ की सुरक्षा व्यवसायिकता और उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाती है जो देश के रणनीतिक आर्थिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

## भागवत कथा में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



नगर के वीर सावरकर वार्ड क्रमांक 3 में चल रही भागवत कथा शुक्रवार को संपन्न हुई ।कथा समापन के अवसर पर यज्ञ हवन और भंडारा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन नगर के वीर सावरकर डीपापारा परसरामपुर के लोगों के द्वारा किया गया था। 7 दिनों तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई गई । कथा व्यास सोम महाराज मिडमिडा ने लोगों से कहा कि भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्य कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ.साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। तथा दुर्गुणों की बजाय सद्गुण के द्वारा खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते हैं। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। कथा समापन के दिन शुक्रवार को विधि विधान से पूजा हुई दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। सभी ने आहुति डाली पूजन के बाद भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वीर सावरकर वार्ड के लोगों ने तन मन धन के साथ सेवा की। कथा का यह चौथा वर्ष है। वार्ड वासियों ने संकल्प लिया है कि आने वाले दिनों में भी हमारे वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिवर्ष संपन्न होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास, जुर्माने से भी किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना बरमकेला के अपराध में विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट में आरोपी गौरीशंकर उर्फ पिंटु कश्यप पिता गोकुल कश्यप निवासी ग्राम मदनपुर थाना पामगढ़ जांजगीर-चांपा ने शरद पूर्णिमा मेला में पीडित बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला.फुसलाकर, भगा कर शारीरिक सबंध स्थापित किया था। जिसके संबंध में उनके परिजन के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिस पर बरमकेला थाने में अपराध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की नाबालिग होने के कारण प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रेक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ ने मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को धारा 137, 2 के तहत 05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। धारा 87 के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा. 04, 2 एवं धारा 5, ठ 6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुमाने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास के लिए राज्य शासन प्रतिकार भुगतान करने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता है, इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।



## डेंगू और मलेरिया नियंत्रण के लिए थर्मल फॉगिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

इस्पात संयंत्र के नगर अभियांत्रिकी विभाग के जन स्वास्थ्य इकाई द्वारा 21 नवंबर को वर्षा ऋतू के बाद शहर में डेंगू और अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से व्यापक थर्मल फॉगिंग अभियान का शुभारंभ किया गया।

सेक्टर.5 स्थित जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक नगर अभियांत्रिकी, हर प्रसाद पटनायक ने की और फॉगिंग वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी नगर इंजीनियरिंग. जन स्वास्थ्य, डॉ, दीपा लवंगारे सहित जन स्वस्थ विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। चारों वाहन प्रतिदिन निर्धारित समय.सारणी के अनुसार इस्पात शहर के विभिन्न सेक्टरों में जाकर अलग.अलग ब्लॉकों को कवर करेंगे। इन वाहनों में से एक वाहन संबंधित क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में फॉगिंग कार्य करेगा। उल्लेखनीय है किए जन स्वस्थ इकाई हर वर्ष इस्पात नगरी में बड़े मच्छरों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए फॉगिंग अभियान चलाती है। यह एहतियाती कदम डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसे मच्छर जनित रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा लवंगारे द्वारा किया गया।

## जमीनों की गाइड लाइन में मूल्य वृद्धि का मिलेगा किसानों सहित मध्यम वर्गीय को फायदाः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जमीनों के दर पर वृद्धि करने के मामले में कांग्रेस द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने पर वित्त मंत्री ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि किसानों के जमीन का मूल्य बढ़ाए जाने से कांग्रेस के पेट में मरोड़ उठ रहा है। शराब, कोयला और महादेव सट्टा सहित माफियाओं को अपना पैसा जमीन में खपाना था, इसलिए सुनियोजित साजिश के तहत दस फीसदी के रेट पर ही जमीन की खरीद.बिक्री कर जमीनों में निवेश किया जा रहा था। इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश का खुलासा करते हुए ओपी चौधरी ने पूरी दृढ़ता के साथ स्पष्ट करते हुए कहा अधिग्रहित की जाने वाली जमीनों का गाइडलाइन रेट कम होता है तो सीधे तौर पर किसानों को आर्थिक क्षति होती है। इसके साथ गाइड लाइन बढ़ाए जाने ने मध्यम वर्गीय लोगों को जमीनों का मूल्य बढ़ा है इससे उन्हें लोन की राशि में वृद्धि होगी। सरकार ने सारे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तार्किक निर्णय लिए गए हैं। कांग्रेस ने साजिश के तहत 5 सालों तक जमीन का रेट नहीं बढ़ने दिया गया इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश छिपी हुई थी। जमीनों का गाइड लाइन बढ़ाए जाने से आम लोगों को लाभ होगा।

## राउरकेला ठेकेदार संघ और आरएसपी प्रबंधन में बनी सहमति

**राउरकेला।** राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी से जुड़े राउरकेला ठेकेदार संघ का 28 नवंबर से प्रस्तावित अंदोलन को स्थगित करने का फैसला लिया गया। प्रबंधन ने उनकी प्रमुख मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सहमति जताई। इस संबंध में गुरूवार की शाम राउरकेला क्लब में आरएसपी प्रबंधन और ठेकदार संघ के प्रतिनिधियों के बीच बैठक में मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आरएसपी की ओर से कार्यकारी निदेशक तरुण मिश्रा, कार्यकारी निदेशक कार्मिक विश्वरंजन पल, सीजीएम सेवा अतिश चंद्र शेखर, सीजीएम एफएंडए राजेश दास गुप्ता, सीजीएम एचआर मानस रंजन रथ, सीजीएम कॉन्ट्रैक्ट सेल आलोक कुमार बेहरा और वरिष्ठ महाप्रबंधक संगीता एम सिंधुर उपस्थित थे। ठेकेदार संघ की ओर से अध्यक्ष अशोक पटनायक, महासचिव सिद्धार्थ पाणिग्राही, उपाध्यक्ष केसी पाढ़ी और सलाहकार विजय प्रधान ने भाग लिया। संघ ने बैठक में बताया कि आर एस पी में 340 स्थानीय ठेकेदार विभिन्न विभागों में कार्यरत हैंए जिनके अधीन लगभग 18 हजार श्रमिक काम करते हैं।

## अभिनव विद्या मंदिर में मनाया गया संविधान दिवस



**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर में संविधान दिवस को भी अपने सभी हिन्दी एवं इंग्लिश मिडियम के विद्यार्थियों के उपस्थिति में संविधान के प्रमुख तत्वों को जहां शपथ दिलाई गई वहीं संविधान निर्माण को लेकर उससे जुडे प्रमुख लोगों व उसके घटकों को याद किया जाकर संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान सविधान के प्रमुख तत्वों को छात्रों को शपथ दिलाया गया जिसका वाचन स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव द्वारा किया गया । इसके बाद प्रत्येक कक्षा में शिक्षकों द्वारा संविधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेडकर एवं निर्माता समूह में जुडे लोगों को याद किया गया और उनके अवदानों पर आपसी चर्चा हुई। शाला प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी ने संविधान दिवस के अवसर पर अपने शिक्षकों एवं छात्रों से मुखातिब होकर कहा कि समुचे विश्व में भारत का लोकतंत्र उच्च मानकों से निर्मित किया गया है जो लचिला के साथ साथ कठोर भी है।




**न्यायालय नजूल अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**- ईश्तहार -**

रा.प्र.क्र. /अ-6(अ)/2024-25

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर कुमार बेहरा पिता श्री माखन लाल बेहरा निवासी जरेकेला तहसील तमनार जिला रायगढ़ के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के हक अधिकार की नजूल भूमि नजूल शीट नंबर 54 प्लाट नंबर 73 रकबा 1800 वर्गफुट भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का नक्शा बटांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा कोई भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में सुनवाई तिथि 08.12.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17.11.2025 को स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, रायगढ़**

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर एसपी ने दिया निर्देश

# अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की होगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी, सामाजिक सौहार्द, धान खरीदी प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर रोकथाम जैसे 17 प्रमुख एजेंडा की क्रमवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सभी बिंदुओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं बल्कि सभी विभागों का सामूहिक दायित्व है। हर अधिकारी को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करना होगा। सामान्य प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में एसपी दिव्यांग पटेल ने भी कलेक्टर के साथ एक एक लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने बैठक की शुरुआत दंडित प्रकरणों के दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने एसडीएम न्यायालय में दर्ज धारा 151 एवं धारा 107/16 के अंतर्गत लंबित 1376 प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम थाना प्रभारियों और संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं। कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द के लिए इन प्रकरणों का समयबद्ध निष्पादन आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि धारा 107/16 के अंतर्गत नए बॉन्ड ओवर किए गए व्यक्तियों को छह महीने तक नियमित रूप से न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए और यदि उनके व्यवहार में सुधार दिखाई दे तभी उन्हें बॉन्ड ओवर से मुक्त किया जाए।

